कॉका :कॉर्पोरेट सम्प्रेषण विभाग
CO: CORPORATE COMMUNICATIONS DEPARTMENT

दिनांक /Date: 05.12.2024

इंडियन बैंक ‘तमिलनाडु लीडरशिप अवार्ड्स 2024’ में 'बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक' और ‘सीईओ ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित

चेन्नै, 5 दिसंबर, 2024: इंडियन बैंक को तमिलनाडु लीडरशिप अवार्ड्स 2024 के 23वें संस्करण में दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। बैंक के अनुकरणीय कार्यनिष्पादन को रेखांकित करते हुए, बैंक को संगठनात्मक श्रेणी में ‘बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक’ पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा इंडियन बैंक के एमडी एवं सीईओ, श्री एस. एल. जैन को बैंकिंग क्षेत्र में उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में ‘सीईओ ऑफ द ईयर’ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

श्री एस. एल. जैन ने आज चेन्नै में आयोजित एक भव्य समारोह में बैंक के कार्यपालक निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन टीम की गरिमामयी उपस्थिति में बैंक की ओर से इन पुरस्कारों को ग्रहण किया।

तमिलनाडु लीडरशीप अवार्ड, जो अब अपने 23वें वर्ष में है, उन नेतृत्वकर्ताओं और संस्थाओं को सम्मानित करता है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों के द्वारा राज्य और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान दिया है।

कॉर्पोरेट कार्यालय Corporate Office: 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै/ Avvai Shanmugam Salai, रायपेट्टा, Royapettah, चेन्नै Chennai 600 014. फोन Phone : 044-2813 4457, ई मेल Email:ccd@indianbank.co.in पर हमें फॉलो करें/Follow us on